भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3370

07 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

पूर्वी उत्तर प्रदेश में आयुष आरोग्य केन्द्रों का उन्नयन

3370. श्री शशांक मणि

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के अंतर्गत स्थापित अथवा उन्नत किए गए आयुष स्वास्थ्य और आरोग्य केन्द्रों, एकीकृत आयुष अस्पतालों और औषधालयों का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इस क्षेत्र में इस मिशन के अंतर्गत आवंटित, जारी की गई और उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) मिशन के अंतर्गत भर्ती किए गए अथवा तैनात किए गए आयुष चिकित्सा अधिकारियों और पराचिकित्सा कार्मिकों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) पूर्वी उत्तर प्रदेश में एनएएम अभियान के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केन्द्रीय प्रायोजित योजना के अंतर्गत, राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से उत्तर प्रदेश राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, पिछले तीन वर्षों के दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश में 443 आयुष स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्र जिन्हें आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) [एएएम (आयुष)] कहा जाता है, 4 एकीकृत आयुष अस्पताल और 97 आयुष औषधालय अनुमोदित किए गए हैं। अनुमोदित इकाइयों की जिला-वार संख्या **संलग्नक-I** पर दी गई है। एनएएम के तहत उत्तर प्रदेश राज्य सरकार से एसएएपी के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, राज्य में विभिन्न अनुमोदित गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक उत्तर प्रदेश को 28736.415 लाख रुपये की धनराशि आवंटित/जारी की गई है और राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, पूर्वी उत्तर प्रदेश में 2661.383 लाख रुपए का उपयोग किया गया है। एनएएम के अंतर्गत, राज्य सरकार को समेकित धनराशि जारी की जा रही है और धनराशि को जिला-वार जारी करने का कोई प्रावधान नहीं है।

(ग): एनएएम के अंतर्गत, उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, एकीकृत आयुष अस्पतालों में 55 आयुष चिकित्सा अधिकारियों की और एकीकृत आयुष अस्पतालों, एएएम (आयुष) तथा योग कल्याण केन्द्रों में 937 पैरामेडिकल कार्मिकों की भर्ती/तैनाती की गई है।

(घ): पूर्वी उत्तर प्रदेश में एनएएम के अंतर्गत, स्वीकृत परियोजनाओं (एकीकृत आयुष अस्पतालों) की वर्तमान स्थिति **संलग्नक-II** पर दी गई है।

*****

संलग्नक-I

पिछले तीन वर्षों के दौरान, आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष), एकीकृत आयुष अस्पतालों और आयुष औषधालयों हेतु अनुमोदित इकाइयों की जिला-वार संख्या

(i) अनुमोदित एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थिति

क्र.सं.	**स्थान (जिला)**	**चिकित्सा पद्धति**	**बिस्तरों की संख्या**
1.	जौनपुर	आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी एवं योग	30
2.	श्रावस्ती	आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी एवं योग	50
3.	गोरखपुर	आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी एवं योग	50
4.	मिर्जापुर	आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी एवं योग	50

(ii) अनुमोदित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) की स्थिति

क्र.सं.	जिले का नाम	एएएम (आयुष) की संख्या
1.	अम्बेडकरनगर	7
2.	अमेठी	12
3.	अयोध्या	10
4.	आजमगढ़	17
5.	बहराइच	18
6.	बलिया	20
7.	बलरामपुर	6
8.	बस्ती	16
9.	भदोही	11
10.	चंदौली	19
11.	देवरिया	15
12.	गाजीपुर	10
13.	गोंडा	11
14.	गोरखपुर	31
15.	जौनपुर	21
16.	कौशाम्बी	6
17.	कुशीनगर	35
18.	प्रतापगढ़	21
19.	महाराजगंज	28
20.	मऊ	13
21.	मिर्जापुर	23
22.	प्रयागराज	17
23.	संत कबीर नगर	18
24.	श्रावस्ती	9
25.	सिद्धार्थनगर	13
26.	सोनभद्र	13
27.	सुल्तानपुर	11
28.	वाराणसी	12
कुल		**443**

(iii) अनुमोदित आयुष औषधालयों की स्थिति

क्र. सं.	जिले का नाम	आयुष औषधालयों की संख्या
1	अम्बेडकरनगर	5
2	अमेठी	7
3	अयोध्या	1
4	बहराइच	2
5	बलिया	6
6	बलरामपुर	5
7	बस्ती	1
8	भदोही	4
9	चंदौली	2
10	देवरिया	15
11	गाजीपुर	9
12	गोंडा	3
13	गोरखपुर	7
14	जौनपुर	7
15	कौशाम्बी	1
16	कुशीनगर	1
17	मऊ	1
18	मिर्जापुर	1
19	संत कबीरनगर	1
20	श्रावस्ती	1
21	सिद्धार्थनगर	8
22	सुल्तानपुर	7
23	वाराणसी	2
	कुल	**97**

संलग्नक-II

पूर्वी उत्तर प्रदेश में एनएएम के अंतर्गत, स्वीकृत परियोजनाओं (एकीकृत आयुष अस्पताल) की वर्तमान स्थिति

क्र.सं.	**स्थान (जिला)**	**चिकित्सा पद्धति**	**बिस्तरों की संख्या**	**स्थिति**
1.	जौनपुर	आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग	30	निर्माणाधीन
2.	श्रावस्ती	आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग	50	निर्माणाधीन
3.	गोरखपुर	आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग	50	निर्माणाधीन
4.	मिर्जापुर	आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग	50	निर्माणाधीन